Lesson-7 मुफ़्त ही मुफ़्त

3. समझो और लिखो Understand and write—

क. भीखूभाई को नारियल खरीदने में क्या परेशानी थी?

उ. ···भीखूभाई बहुत कंजूस थे। नारियल खरीदने में उन्हें एक ही परेशानी थी कि नारियल खरीदने के लिए उन्हें पैसे खर्च करने पड़ते।···

ख. भीखूभाई मंडी क्यों गए?

उ. ···बाज़ार में नारियल चार रुपये तथा मंडी में नारियल तीन रुपये में मिल रहा था। एक रुपये की बचत करने के उद्देश्य से भीखूभाई मंडी गए।···

ग. समुद्र तट पर क्या था?

उ. ···समुद्र तट पर नारियल की कई दुकानें थीं। वहाँ एक नारियल दो रुपये में मिल रहा था।···

घ. भीखूभाई पेड़ पर क्यों चढ़े?

उ. ···पेड़ पर लगे नारियल मुफ़्त में मिल रहे थे। नारियल को मुफ़्त पाने के लिए भीखूभाई पेड़ पर चढ़े।···

4. समझो और करो Understand and do—

जो नारियल बेचता है — ···नारियलवाला···
जो दूध बेचता है — ···दूधवाला···
जो सब्ज़ी बेचता है — ···सब्ज़ीवाला···

जो फल बेचता है — ···फलवाला···
जो मिठाई बेचता है — ···मिठाईवाला···

5. समझो और भरो Understand and fill—

मैं, में

···मैं··· बाज़ार जा रहा हूँ।
बाज़ार ···में··· दुकानें हैं।
नारियल कितने ···में··· बिक रहे हैं?

···मैं··· भी तो एक नारियल लूँगा।
तीन रुपये ···में··· दोगे?
···मैं··· नहीं दूँगा।